## खबर संक्षेप

### युवक के बैंक खाते से पार हुए 28,600 रुपये

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बरगवां में रहने वाले एक युवक के बैंक खाते में सेंध लगाकर शातिर ठग ने हजारों रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुजल राठौर 20 वर्ष का यूको बैंक में खाता है। बीती 3 जुलाई की शाम करीब 07:35 बजे सुजल के खाते से अचानक 28,600 रुपये कट गए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद युवक के होश उड़ गए। उसने तुरंत इसकी जानकारी अपने स्तर पर जुटाई और ठगी का अहसास होने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी सुजल राठौर की शिकायत पर अपराध पंजीकृत किया है।

### युवक की जेब से मोबाइल व नकदी पार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक का मोबाइल और जेब में रखे नकदी रुपये चोरी होने की वारदात सामने आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर संदेही और अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, माधवनगर के खैबर लाइन निवासी सनी जैसवानी 32 वर्ष 7 जुलाई की सुबह करीब 11:15 बजे किसी काम से खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने बेहद शातिराना ढंग से उनकी जेब और सामान पर हाथ साफ कर दिया। सनी जैसवानी के मुताबिक, चोर ने उनके पास रखे 2,500 रुपये नकद और एक कीमती मोबाइल पार कर दिया, जिसकी कुल कीमत करीब 20,000 रुपये आंकी गई है। कुछ ही देर में जब सनी को चोरी का अहसास हुआ, तो उन्होंने आस-पास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### जानलेवा हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बरही।** जानलेवा हमले के मामले में पिछले सात महीनों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर 2025 को ग्राम बंगवान के रहने वाले हनुमान सिंह गोंड और रमन सिंह गोंड पर पुरानी रंजिश के चलते रामसुजान काछी, अमृतलाल पटेल और रामगोपाल काछी ने जानलेवा हमला कर दिया था। हनुमान सिंह की शिकायत पर बरही थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों—अमृतलाल पटेल और रामगोपाल काछी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन वारदात के बाद से ही लाठी से हमला करने वाला मुख्य आरोपी रामसुजान काछी पिता रामखेलावन काछी 20 वर्ष फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य और अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर बरही पुलिस ने फरार आरोपी रामसुजान काछी को 7 जुलाई को धर दबोचा।

### बाक क्षेत्र में चोर ने मोटर साइकिल किया पार

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुक्तिधाम परिसर के पास से अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर वाहन लेकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम चनपुरा निवासी रतन सिंह लोधी 30 वर्ष 6 जुलाई की दोपहर करीब 2:00 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बाकल आया था। उसने अपनी बाइक मुक्तिधाम के पास खड़ी की थी और किसी काम से चला गया। जब वह वापस लौटा तो वहां बाइक नहीं मिली। आस-पास के लोगों से पूछताछ और काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला, तो रतन सिंह ने बाकल थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

---

पुलिस को मिली सफलता, शातिर गिरोह के फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिये किये जा रहे प्रयास

# अंतर्राज्जीय गिरोह के दो सदस्यों को दबोचा, 3 राज्यों में 26 वारदातें और 40 लाख की चोरी के उगले राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस ने शातिर अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को अपनी गिरफ्त में लिया है। यह गिरोह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के करीब 15 से अधिक जिलों में बैंकों के भीतर और बाहर फैलकर वारदात को अंजाम देता था। कटनी पुलिस की संयुक्त टीम ने इस गिरोह के दो मुख्य मास्टरमाइंड सुमित सिसोदिया उर्फ बंदर और संजय सिसोदिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिन्होंने तीनों राज्यों में 40 लाख रुपये से अधिक की लगभग 26 सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देना कुबूल किया है। पुलिस की पूछताछ में इस गिरोह के काम करने का जो तरीका सामने आया है, उसने सुरक्षा एजेंसियों को भी चौंका दिया है। गैंग का एक सदस्य बैंक के भीतर जाकर मोटी रकम निकालने वाले ग्राहकों की बकायदा रेकी करता था, जबकि बाहर बाइक स्टार्ट कर घात लगाए बैठे अन्य सदस्य चंद सेकंड में पीड़ित की स्कूटी-कार का लॉक या शीशा तोड़कर कैश उड़ाकर रफूचक्कर हो जाते थे।



जानकारी के अनुसार 19 मई 2026 को दोपहर करीब 11:51 थाना उमरियापान के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक से दिनदहाड़े सेल्समैन रघुवीर सिंह बागरी का 50,000 रुपये नकद और सरकारी दस्तावेजों से भरा बैग चोरी हो गया था। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, उमरियापान थाना प्रभारी उनि महेंद्र जायसवाल, एनकेजे थाना प्रभारी उनि रूपेंद्र राजपूत, रंगनाथ थाना प्रभारी उनि अरुणपाल और साइबर व सीसीटीवी सेल को शामिल किया गया। टीम ने बैंक और आसपास के सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया।

पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों आरोपी अनूपपुर जिले के रहने वाले हैं और आदतन पेशेवर अपराधी हैं जिनमें सुमित सिसोदिया उर्फ बंदर 30 वर्ष पिता राधेश्याम सिसोदिया, निवासी ग्राम भोलगढ़, जिला अनूपपुर, संजय सिसोदिया 38 वर्ष पिता टीकम सिसोदिया, निवासी ग्राम भोलगढ़, जिला अनूपपुर शामिल हैं। पूछताछ और रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला है कि आरोपी संजय सिसोदिया जिला सतना के साल 2016 के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। इन दोनों के खिलाफ मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के कई जिलों में स्थायी वारंट लंबित हैं। दोनों आरोपियों पर विभिन्न थानों में कुल मिलाकर 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उनका पूरा गिरोह बेहद शातिर और प्रोफेशनल तरीके से काम करता था। इनके निशाने पर हमेशा बैंक, एटीएम और बड़े व्यापारिक केंद्र होते थे। गैंग का एक सदस्य ग्राहक बनकर बैंक के भीतर जाता था और यह देखता था कि कौन सा व्यक्ति बड़ी रकम निकाल रहा है। बाकी सदस्य बैंक के बाहर अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट करके घात लगाए खड़े रहते थे। जैसे ही टारगेट पैसे लेकर बाहर निकलता, ये उसका पीछा करते। मौका मिलते ही राह चलते व्यक्ति से बैग छीन लेते या फिर गाड़ी की डिग्गी का लॉक और कार का शीशा तोड़कर चंद सेकंड में कैश लेकर रफूचक्कर हो जाते थे।

#### कहां कहां की वारदातें

आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने फरार साथियों पिंटू यादव व पुष्पेंद्र यादव (दोनों निवासी कटिहार, बिहार) और मखाड़ उर्फ लखन (निवासी लोहासुर, अनूपपुर) के साथ मिलकर तीन राज्यों में वारदातें की जिनमें मध्य प्रदेश के कटनी के उमरियापान से 50 हजार, बड़वारा में स्कूटी की डिग्गी से 2.50 लाख, स्लीमनाबाद से 80 हजार रुपये उड़ाए। इसके अलावा सतना से 3 लाख, नरसिंहपुर (गोटेगांव) से कुल 6.45 लाख, डिंडोरी से 1.50 लाख, उमरिया से 1.55 लाख, देवास से 6 लाख, शहडोल से 4 लाख के अलावा जबलपुर, पन्ना, खंडवा, होशंगाबाद और इटारसी में भी लाखों की उठाईगीरी की। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ से 4.47 लाख, जशपुर के विभिन्न इलाकों से 3.40 लाख, कोरबा (कटघोरा) से दो वारदातों में 4 लाख और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से 20 हजार रुपये की चोरी की। वहीं उड़ीसा के संभलपुर में लगातार दो दिनों में क्रमशः 70 हजार और 40 हजार रुपये की चोरी को अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बची हुई रकम और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिल जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को कस्टडी में लेकर अन्य फरार साथियों और बाकी रकम के संबंध में पूछताछ कर रही है। फरार आरोपी पिंटू यादव की तलाश में दबिश दी जा रही है। इसके साथ ही अन्य राज्यों और जिलों की पुलिस से भी आधिकारिक संपर्क साधा गया है।

---

### उमरियापान में ही होगी मूंग-उड़द खरीदी, कलेक्टर ने बनाया केंद्र

**उमरियापान।** ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी अब उमरियापान उप कृषि उपज मंडी में ही की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को संशोधित आदेश जारी कर खरीदी केंद्र को उमरियापान में यथावत संचालित रखने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले उमरियापान-ढीमरखेड़ा क्षेत्र के किसानों की मूंग एवं उड़द की खरीदी के लिए स्लीमनाबाद तहसील के भूला स्थित वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बनाया गया था। केंद्र क्षेत्र से करीब 50 किलोमीटर दूर होने के कारण किसानों में भारी नाराजगी थी।

भारतीय किसान संघ ने भी इसका विरोध करते हुए खरीदी केंद्र उमरियापान में संचालित करने की मांग उठाई। किसानों की समस्या को देखते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उमरियापान उप कृषि उपज मंडी में मूंग-उड़द खरीदी केंद्र को पूर्ववत संचालित रखने का आग्रह किया। इसके बाद कलेक्टर ने संशोधित आदेश जारी किया। किसानों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर खरीदी केंद्र संचालित होने से समय, श्रम और परिवहन खर्च की बचत होगी और किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी।

---

ढीमरखेड़ा क्षेत्र का मामला, समय रहते जांच नहीं होने से बढ़ा आक्रोश

## शासकीय नाला पाटकर निर्माण, अतिक्रमण की शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने नहीं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

तहसील कार्यालय और एसडीएम (राजस्व) कार्यालय से महज कुछ दूरी पर शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण का बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय नाला दर्ज खसरा नंबर-97 के करीब 65 फीट हिस्से को मिट्टी डालकर पाट दिया गया और उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालयों के सामने यह सब होता रहा, लेकिन राजस्व अमले ने समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।



ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें लगातार की गईं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हो गए। उनका आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता और राजस्व अमले की मिलीभगत के बिना शासकीय नाले पर इस तरह का निर्माण संभव नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार शासकीय नाले की भूमि पर तीन स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। इनमें दो जगह पक्के निर्माण किए जा चुके हैं, जबकि तीसरे स्थान पर पुलिया डालकर नाले को मिट्टी से भर दिया गया और उसे समतल कर निर्माण की तैयारी कर ली गई। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शासकीय भूमि पर स्थायी कब्जा होने के साथ-साथ प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।

राजस्व अभिलेखों के मुताबिक खसरा नंबर-97 शासकीय नाला दर्ज है। नियमानुसार इस भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद वर्षों से बरसाती पानी की निकासी वाले इस नाले में अब मिट्टी, गिट्टी, सीमेंट और निर्माण सामग्री दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यह अतिक्रमण पूरे क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर सकता है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि निर्माण कार्य कई दिनों तक चलता रहा, लेकिन राजस्व विभाग का अमला आखिर आंखें मूंदे क्यों बैठा रहा। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी यदि कार्रवाई नहीं होती है तो इससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता है और सरकारी जमीनों पर कब्जे का सिलसिला जारी रहता है।

---

## खाद विपणन एवं भंडारण केन्द्र का हुआ शुभारंभ



विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की पहल से बरही क्षेत्र के किसानों को अब उचित मूल्य पर समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। इसी उद्देश्य से 1000 मैट्रिक टन क्षमता वाले नवीन खाद विपणन एवं भंडारण केंद्र का लोकार्पण एवं शुभारंभ हुआ। विधायक पाठक ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि यह किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस केंद्र के प्रारंभ होने से किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सरलता से होगी तथा खाद के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष लालजी मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री सतीश तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री दादा उदयराज सिंह चौहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष तीरथ पटेल,महामंत्री पी.डी. ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष अरुण पटेल, जिला मंत्री राजेश पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला खाद प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों को खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में किसानों के हित में इस केंद्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ एवं निरीक्षण किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल बरही के महामंत्री पी. डी. ताम्रकार ने किया।

---

## अधिकारियों ने योजनाओं में प्रगति लाने की फील्ड विजिट, निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संचालित योजनाओं का मैदानी स्तर पर वस्तु स्थिति का आकलन करने जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों ने फील्ड विजिट कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम एवं अन्य योजना प्रभारी अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन में की स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी अनुक्रम में निर्देशों के तहत परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार ने जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत टेढ़ी के ग्राम सुनहरी पहुंचकर अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता एवं पूर्णता को लेकर ग्राम पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए। सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह ने जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत नेगवां, रामपुर, कुड़ाई और खुसरा में तृतीय किस्त प्राप्त आवास हितग्राहियों के आवासों का निरीक्षण किया एवं हितग्राहियों से संवाद करते हुए आवास शीघ्र पूर्ण करने को कहा। इस दौरान संबंधित जनपद पंचायतों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



---

## प्राथमिक शाला भवन का जर्जर हिस्सा किया गया डिस्मेंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के जर्जर एवं खतरनाक भवनों चिन्हित जर्जर शाला भवनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा अधिकारियों को जर्जर संरचनाओं पर कार्यवाही के दिये गए निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार को बिरसा मुण्डा वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला आधारकाप के अत्यंत जर्जर भवन के हिस्से को आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों के साथ डिस्मेंटल करने की कार्यवाही की गई।



वर्षा के कारण जर्जर एवं खतरनाक भवनों के ढहने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा ऐसी जर्जर संरचाओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। शासकीय प्राथमिक शाला आधार काप का भवन क्षतिग्रस्त एवं उपयोग के लिए असुरक्षित पाये जाने के बाद विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल डिस्मेंटल की कार्रवाई की गई।

डिस्मेंटल की कार्रवाई के दौरान निगम के तकनीकी अमले की मौजूदगी में मशीनों के माध्यम से शाला भवन का 1 कक्ष, परछी एवं जर्जर शौचालय को सुरक्षित तरीके से हटाया गया। इससे विद्यालय परिसर में संभावित दुर्घटना की आशंका समाप्त हो गई तथा सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कार्यवाही के दौरान उपयंत्री श्री शैलेन्द्र प्यासी, प्रभारी अतिक्रमण प्रभारी निशांत कनौजिया सहित अतिक्रमण अमले के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

#### ताकि विद्यार्थी रहे सुरक्षित

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जन सुरक्षा निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं जर्जर भवनों का सतत निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर में चिन्हित अन्य जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध भी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे नागरिकों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा बनी रहे।

---

बालिका छात्रावास में सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## जिपं सीईओ ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बालिकाओं को शासन स्तर से प्रदत्त सुविधाओं जैसे नाश्ता, दोनों पहर का गुणवत्ता पूर्ण स्वादिष्ट और गरम खाना, शुद्ध पेयजल सहित स्वच्छ बिस्तरों की उपलब्धता एवं प्रयोग में आने वाले स्नानगृह व शौचालय साफ सुथरे और आवश्यक सामग्री से युक्त रखे जाएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और छात्रावास अधीक्षक को दिए।



इस दौरान उन्होंने छात्रावास स्थित रसोई गृह, डिजिटल लाइब्रेरी,आवासीय कक्षों के अलावा अन्य सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए जायज़ा लिया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने फिजिकल लाइब्रेरी विथ डिजिटल कैपेसिटी का मुआयना करते हुए इंटरएक्टिव पैनल से शिक्षण कार्य की गुणवत्ता को परखा।

उन्होंने छात्राओं द्वारा ही इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से ऑपरेट कराकर पढ़ाई की दक्षता की नब्ज़ टटोली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जाये ताकि बालिकाएं उसे सहज सुलभ तरीके से समझ पाएं। बच्चों में पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहनी चाहिए।

सुश्री कौर ने इस दौरान कक्षा 6 से 12 की छात्राओं /बालिकाओं से छात्रावास में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं, व्यवस्थाओं और अध्यापन कार्य और गत वर्ष के परीक्षा परिणाम के संबंध में संवाद कर जानकारी ली। उन्होंने कक्षा दसवीं और 11वीं की 90% प्राप्त एवं अन्य छात्राओं के लिए नीट जी आदि की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोर्स का सब्सक्रिप्शन लेने हेतु डीपीसी और छात्रावास अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। सुश्री कौर ने बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद में पौधा रोपित कर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पौधों की देखभाल और रख रखाव करने हेतु हिदायत दी। इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, लेखापाल राखी शुक्ला , उपयंत्री,बीएसी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## पैरामीटर्स में प्रगति लाएं और पैरामीटर्स सैचुरेशन लाने हेतु बनाएं कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सभी पैरामीटर्स में प्रगति लाएं एवं सैचुरेशन हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार किया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बुधवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा,स्वास्थ्य,महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,किसान कल्याण तथा कृषि,पशुपालन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को दिए।अवगत होवें कि नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड रीठी हेतु विभिन्न संकेतकों की प्रगति हेतु जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। सुश्री कौर ने स्वास्थ्य विभाग से गर्भावस्था के दौरान देखभाल, सुरक्षित प्रसव और गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, कुपोषण निवारण एवं पोषण वितरण,आंगनबाड़ी भवनों में कार्यात्मक शौचालय, पेयजल सुविधा, शिक्षा विभाग से स्कूल छोड़ने की दर में कमी और सुविधाएं, कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम, कृषि एवं पशुपालन विभाग से ग्रामीण आजीविका एवं मृदा स्वास्थ्य, गठित किसान उत्पादक संगठन, गोवंश पशु टीकाकरण, डिजिटल और भौतिक कनेक्टिविटी, जल जीवन मिशन नल कनेक्शन से प्रत्येक घर में पीने योग्य पानी, ग्राम पंचायत में सक्रिय इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा, सामाजिक और डिजिटल सशक्तिकरण आदि पैरामीटर्स पर बिंदुवार विस्तार से जानकारी लेते हुए प्रगति की समीक्षा की एवं सुझाव साझा करते हुए प्रगति में आने वाली समस्याओं से रूबरू हुईं।



## खबर संक्षेप



### जनप्रतिनिधियों ने रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

**कटनी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित शहर के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर निगम द्वारा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत झिंझरी तालाब के आसपास पौधरोपण अभियान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर हरित वातावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक तथा क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य तुलसा गुलाब बेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बरगद, कदंब सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का भी आधार हैं। प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण के साथ-साथ उसकी नियमित देखभाल का दायित्व भी निभाना चाहिए।

### 1.95 लाख नकदी सहित जेवरात किये चोरी

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर अंतर्गत एमईएस कालोनी में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। यहाँ एक कास्मेटिक कारोबारी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद से क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। वारदात 6 और 7 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। मकान मालिक और कास्मेटिक कारोबारी अनिल कलवानी अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर ससुराल गए हुए थे। मकान को सूना पाकर अज्ञात चोरों ने दाखिल होकर भीतर रखी आलमारी का ताला तोड़ दिया। कारोबारी के अनुसार चोर आलमारी में रखे 1,95,000 नगद सहित सोने की चेन और लॉकेट, सोने-चांदी के कान के बाले व अन्य कीमती जेवरात लेकर चंपत हो गए। परिवार ससुराल से वापस लौटा तब घर के बिखरे हुए सामान और टूटे ताले को देखकर चोरी की इस वारदात का खुलासा हुआ।

### डिजिटल जीवन प्रमाणन हेतु विशेष अभियान जारी

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाणन समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सात दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन ने सभी पात्र पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने वार्ड में नियुक्त निगम कर्मचारियों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं तथा डिजिटल जीवन प्रमाणन की प्रक्रिया में सहयोग करें। समय पर जीवन प्रमाणन पूर्ण होने से पेंशन राशि का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रहेगा।

### मार्गो से हटाए गये 124 अवैध बैनर-पोस्टर

**कटनी।** निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और चौराहों पर विशेष अभियान चलाकर विद्युत पोलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से लगे कुल 124 अवैध छोटे-बड़े बैनर और पोस्टरों को हटाने की कार्यवाही की गई। नगर निगम प्रशासन का स्पष्ट मानना है कि शहर की सुंदरता और व्यवस्थित सड़कों से झलकती है। चौराहों और ओवरब्रिज पर बेतरतीब ढंग से लगाए गए ये होर्डिंग्स न सिर्फ शहर की दृश्य सुंदरता को बिगाड़ते हैं, बल्कि वाहन चालकों का ध्यान भटकाकर गंभीर हादसों को भी आमंत्रण देते हैं। अभियान के तहत मुख्य मार्गो के किनारें विद्युत पोल में अनाधिकृत रूप से लगे 85 छोटे-बड़े अवैध बैनर और पोस्टर हटाए गए। दुबे कॉलोनी से तुलसी गार्डन तक '25' प्रचार सामग्रियां निकाली गईं।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामद किये गये मोबाइलों को संबंधितों को किया गया वापस

# 20 लाख के मोबाइल किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 'सेफ क्लिक 2.0' सायबर सुरक्षा अभियान के समापन पर कटनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जिला सायबर सेल और भारत सरकार के CEIR PORTAL के माध्यम से देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कुल 110 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर मोबाइल धारकों ने कटनी पुलिस का आभार व्यक्त किया और सायबर अपराधों से दूर रहने व समाज में सायबर जागरूकता फैलाने की शपथ भी ली।

पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए अधिकांश मोबाइल फोन नागरिकों की लापरवाही के कारण साप्ताहिक बाजारों में गिरने, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भूलने या यात्रा के दौरान जेब से गिरने के कारण गुम हुए थे। पीड़ितों ने इसकी शिकायत कटनी सायबर सेल और केंद्रीय पोर्टल पर दर्ज कराई थी।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में सायबर सेल कटनी ने प्रदेश के अन्य जिलों की सायबर सेल और स्थानीय थानों की मदद से लगातार सर्चिंग की, जिसके परिणामस्वरूप इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किए जा सके।

मोबाइल गुम होते ही CEIR पोर्टल पर करें ब्लॉकइस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने आम जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत भारत सरकार के CEIR PORTAL पर आवेदन कर अपने फोन के IMEI नंबर को ब्लॉक करें। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक सीधे घर बैठे शिकायत दर्ज कर सकते हैं और अपनी शिकायत का स्टेटस भी देख सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और पुलिस व जनता के बीच पारदर्शिता बनी रहती है।

### आदतन अपराधियों की थाने में हाजिरी, डोजियर तैयार कर दी गई कड़ी चेतावनी



चोरी, झपटमारी, लूट एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर एक दर्जन चिन्हित आदतन अपराधियों को थाना बुलाकर उनकी हाजिरी दर्ज कराई। पुलिस ने सभी अपराधियों की वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन करते हुए उनका विस्तृत डोजियर तैयार किया और भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल होने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।यह अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में संचालित किया गया।पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में पूर्व से चिन्हित ऐसे अपराधियों को थाने बुलाया गया, जिनका नाम चोरी, झपटमारी और लूट जैसे मामलों में सामने आ चुका है। उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर सतत निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।



## करंट से युवक की मौत पर हुआ हंगामा, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ में एक निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए युवक को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और पोस्टमार्टम की कार्यवाही नहीं होने दिया। परिजन ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाते रहे और कार्यवाही की मांग की। जनप्रतिनिधियों, पुलिस अफसरों की समझाइश के बाद परिजन माने तब कहीं जाकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया।

### बिना सुरक्षा करा रहे थे काम

जानकारी अनुसार ग्राम हरदुआ कला निवासी पारस साहू विजयराघवगढ़ में पीएचई के समीप एक निर्माणाधीन मकान में प्लंबर का काम कर रहा था। मंगलवार को जब युवक काम कर रहा था और विद्युत उपकरण का उपयोग कर रहा था तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। सहकर्मियों की मदद से युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए कार्यवाही पूर्वक बारिश के दौरान काम कराया जा रहा था।

परिजनों द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, जिला मंत्री मनीष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी। पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## पुस्तकों की फीडिंग सहित बच्चों की शत प्रतिशत मैपिंग कार्य करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शिक्षा विभाग के शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में प्रत्येक घर का सर्वे कर असाक्षर लोगों को पंजीकृत करें और उन्हें साक्षर बनाने के लिए नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत निर्धारित किए गए मापदंडों के अनुसार साक्षर करने का प्रयास करें!क्योंकि आगामी 2027 तक संपूर्ण मध्य प्रदेश को पूर्ण साक्षर घोषित करने का लक्ष्य मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रखा गया है।

उक्त जानकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने मंगलवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद मे आयोजित बैठक मे दिए!उन्होंने कहा कि गांव -गांव से असाक्षरों को ढूंढकर उन्हें मोबाइल ऐप पर पंजीकृत करने की प्रक्रिया पूरी करें!साथ ही शाला नवचेतना कक्ष का निर्माण कर विधिवित संचालित करें तथा सितंबर में होने वाली परीक्षा मैं शत प्रतिशत असाक्षरों को परीक्षा मैं शामिल करवाए।

बीआरसी ने शाला प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जर्जर स्कूल भवनो मैं कक्षा का संचालन न करें!वहीं बिनोद पाटकर ने सभी शिक्षकों से कहा कि वह इस सौंपे गए कार्य को पूरी सजगता से करें!नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव से असाक्षरों एनआईएलपी मोबाइल ऐप के माध्यम से चिन्हांकन कर चयनित अक्षर साथियों के माध्यम से उन्हें पढ़ाने लिखाने का कार्य ग्राम में स्थित सामाजिक चेतना केंद्र और अध्ययन केंद्रों में किया जाना है! इसके बाद परीक्षा का आयोजन कर उन्हें साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर अपने आसपास के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए गए इस कार्य में सहभागी बने क्योंकि अपने देश के लिए देशभक्ति दिखाने का इससे अच्छा मौका दूसरा नहीं हो सकता।

### पुस्तकों की फीडिंग सहित बच्चों की शत प्रतिशत मैपिंग कार्य करें पूर्ण

जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी के द्वारा सभी शाला प्रभारियो को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एप मे पुस्तको की फीडिग का प्रशिक्षण दिया गया तथा शाला मे सभी बच्चो की मैपिग कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उपयंत्री एस पी सोनी, जयप्रकाश चक्रवर्ती, जन शिक्षक अखिलेश पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को साइकिल का किया गया वितरण



स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन मै मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वी मै अध्ययनरत विद्यार्थियों को साईकिलो का वितरण किया गया! नि ःशुल्क साइकिल योजना के पात्र कक्षा 9 के छात्र छात्राओं को प्रवेश के बाद मिली साइकिल से विद्यार्थियों के चहरे खिल उठे। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने स्कूल आने मैं सहूलियत होगी!इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य गंगाराम राजपाल ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे उज्ववल भविष्य की ओर बढ़े ओर अपने माता –पिता के साथ शिक्षक व गाँव का नाम रोशन करें!सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है!कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं में नियमित अध्ययन भी प्रारंभ हो गया है।इस दौरान प्रभारी प्राचार्य, जी आर राजपाल, वरिष्ट शिक्षक नरेन्द्र दुबे, अमित हल्दकार, रत्नेश जैन, राजकमल सहित विद्यालय स्टॉफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## डीजे संचालक पर हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रभटा में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के दौरान डीजे संचालक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 4 जुलाई की रात ग्राम पड़रभटा में जन्मदिन समारोह की तैयारी के दौरान चैतु प्रसाद कोल उर्फ सनी का भाई दुर्गा कोल गांव की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान विवेक हल्दकार अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने दुर्गा कोल के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के सामने एक आरोपी ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से फायर किया, लेकिन दुर्गा कोल द्वारा हाथ झटक देने से गोली ऊपर निकल गई और वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी भागने लगे। इस दौरान दो आरोपी गिरने से मौके पर ही पकड़ लिए गए, जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे।

मामले में स्लीमनाबाद थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान फरार आरोपी विवेक हल्दकार (20 वर्ष), प्रवीण उर्फ भोलू बर्मन (28 वर्ष) और शुभम कोरी (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी विवेक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सुजुकी एक्सेस स्कूटी भी जब्त की गई है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्वाई की।

कार्रवाई में थाना प्रभारी सुदेश कुमार, चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा, उपनिरीक्षक राजेश कोरी सहित थाना एवं चौकी निवार के पुलिस कर्मचारियों की भूमिका रही।

## 15 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन

# स्नातक व स्नाकोत्तर में दाखिले के लिए सीएलसी का दूसरा चरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में स्नातक व स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए अंतिम चरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। सीएलसी का दूसरा चरण चल रहा हैं जिसके अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन की आखिरी तिथि 15 जुलाई है। इसके बाद विद्यार्थियों को पंजीयन का अवसर नहीं मिल पाएगा और न ही दाखिला प्रक्रिया में वे शामिल हो पाएंगे। पूर्व में निर्धारित समय-सारणी अनुसार 15 जुलाई तक प्रतिदिन शाम तीन बजे तक पंजीयन /विकल्प चयन कर सकेगा। हेल्प सेंटर द्वारा चार बजे तक प्राप्त आवेदनो का सत्यापन किया जायेगा। शाम पांच बजे आवंटन जारी किया जायेगा। आवंटन जारी होने के दूसरे दिन 4 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न करने की स्थिति मैं प्रवेश मान्य नहीं होगा। रिक्त सीटों पर विद्यार्थी सीधे महाविद्यालय मैं उपस्थित होकर ई -प्रवेश पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रभारी अभिषेक पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में स्नातक व स्नाकोत्तर में प्रवेश प्रक्रिया का सीएलसी दूसरा चरण 1 जुलाई से प्रारंभ जो 15 जुलाई तक चलेगा । स्लीमनाबाद महाविद्यालय मे स्नातक कला संकाय के लिए 300 सीटे आवंटित थी जिस पर अभी तक 146सीटे ही पूरी हुई है शेष 154 सीटे खाली पड़ी हुई है जिनपर एडमिशन होना है। इसी तरह बीएससी के लिए 200 सीटों मे से 54 एडमिशन हुए ओर 146 सीटे खाली है।

बी काम मे 50 सीटों मे से 7 सीटों पर ही एडमिशन हुए!इसके साथ ही स्नाकोत्तर प्रथम वर्ष मे 120 सीट के लिए 5 एडमिशन ओर स्नाकोत्तर द्वतीय वर्ष मैं 120 सीट के लिए 49 एडमिशन हुए हैं!रिक्त पड़ी सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी हैं!महाविद्यालय प्रबंधन ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया हैं कि 15 जुलाई से पहले एडमिशन ले, क्योंकि आगे विभाग द्वारा डेट बढ़ाई जाती हैं नहीं कुछ कह पाना संभव नहीं हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय का कहना हे कि दाखिला प्रक्रिया का निर्णय उच्च शिक्षा विभाग लेता है। अभी प्रक्रिया चल रही है।आगे एडमिशन के लिए तिथि बढ़ेगी या नहीं इस विषय मैं कुछ कह पाना संभव नहीं हैं। स्नातक व स्नाकोत्तर के लिए सीएलसी दूसरे चरण के तहत एडमिशन प्रक्रिया चल रही है!साथ ही महाविद्यालय में अध्यापन कार्य भी शुरु हो गया है। छात्र -छात्राये महाविद्यालय आकर कक्षाओ मे उपस्थित होवें ओर अध्ययन कार्य करें।

## डीएफओ एवं निगमायुक्त ने संयुक्त निरीक्षण कर स्थलों का किया चयन

# अमकुही से बैराज तक विकसित होगी हरित पट्टी, भागीदारी की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और स्वच्छ-हरित शहर के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी एवं वन विभाग ने वर्षा ऋतु के आगमन के साथ वृहद पौधारोपण अभियान की तैयारियों को गति प्रदान कर दी है। इसी क्रम में बुधवार प्रातः वन मण्डलाधिकारी श्री गर्वित गंगवार एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने दोनों विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर व्यापक पौधारोपण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन किया गया।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले ग्राम अमकुही स्थित नवीन फिल्टर हाउस परिसर का अवलोकन किया। परिसर के भीतर एवं सामने उपलब्ध रिक्त भूमि को पौधारोपण के लिए अत्यंत उपयुक्त पाया गया। साथ ही समीप स्थित वन विभाग की खाली भूमि को भी अभियान में शामिल करने पर सहमति बनी, जिससे इस पूरे क्षेत्र को एक विकसित हरित क्षेत्र के रूप में तैयार किया जा सके। इसके पश्चात निरीक्षण दल इंडस्ट्रियल एरिया के समीप नदी तट एवं बैराज क्षेत्र पहुँचा, जहाँ नदी किनारे विस्तृत खाली भूमि पर सघन वृक्षारोपण कर आकर्षक ग्रीन बेल्ट विकसित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से न केवल नदी तट का प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि मिट्टी के कटाव पर भी प्रभावी नियंत्रण होगा तथा क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे अनुकूल समय है। निगम का उद्देश्य केवल पौधे रोपित करना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं नियमित देखरेख के माध्यम से उन्हें विकसित वृक्ष बनाना है। इसी दृष्टि से ऐसे स्थलों का चयन किया गया है जहाँ सिंचाई एवं संरक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। अभियान के अंतर्गत नीम, पीपल, बरगद, शीशम सहित विभिन्न छायादार, फलदार एवं फूलदार प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

वन विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण के साझा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे। मानसून अवधि के दौरान व्यापक स्तर पर हजारों पौधों का रोपण कर शहर को हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाकर ₹ग्रीन कटनी₹ अभियान को प्रभावी रूप से साकार किया जाएगा

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगरवासियों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने घर, मोहल्ले अथवा वार्ड में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो कटनी शीघ्र ही अधिक हरित, स्वच्छ और स्वस्थ शहर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि ₹हर पौधे आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।₹

निरीक्षण के दौरान एस.डी.ओ. सुरेश बरोले, निगम के सहायक यंत्री आदेश जैन आदि मौजूद रहे।



## परियोजना अधिकारी एवं बीएमओ ने किया संयुक्त एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार विकासखंड बड़वारा के ग्राम रोहनिया में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी एवं ग्राम आरोग्य केंद्र में सीडीपीओ इंद्र कुमार साहू एवं प्रभारी ब्लाक मेडिकल आफिसर आयुष जाधव द्वारा संयुक्त विजिट किया गया जिसमें 10 ANC, 07PNC, एवं 10 बच्चो का टीकाकरण करना पाया गया निरीक्षण के समय कोई भी गर्भवती महिला हाई रिस्क नहीं पाई गई अधिकारियों द्वारा उपास्थित हित ग्राहियों की काउंसलिंग की गयी, निरीक्षण के समय संबंधित स्वास्थ्य और महिला बाल विकास की टीम को समझाइस दी गई एवं गर्भवती धात्री माताओ sam एवं mam बच्चों के संबंध मे की जाने वाली जांचो को ठीक तरह से करने की हिदायत दी गयी l निरीक्षण के समय bcm मुकेश चौहान cho नेहा चौधरी Anm श्रुति श्रीवास आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता उपास्थित थे ।

**खबर संक्षेप**

## लोकपाल सागर में मिला लापता का शव, भैंसें खोजने निकले थे बर्थडे यादव

**पन्ना।** नगर की रानीगंज मोहल्ला निवासी बर्थडे यादव 65 वर्ष अपनी पालतू भैंसों की तलाश में 7 जुलाई 2026 को सुबह लगभग 11:00 बजे घर से निकले थे। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को भी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में हुई बारिश के कारण लोकपाल सागर के ऊपर स्थित नाले में तेज बहाव था। आशंका है कि भैंसों की तलाश के दौरान वे तेज पानी की चपेट में आकर लोकपाल सागर में बह गए। लापता होने के दूसरे दिन, 8 जुलाई को दोपहर लगभग 12:00 बजे पुलिस ने लोकपाल सागर से उनका शव बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है तथा घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दो बैलों की लड़ाई बनी हादसे की वजह, बाइक सवार घायल

**छतरपुर।** शहर के देरी रोड निवासी श्यामलाल कोंदर (39) पिता हरिश्चंद्र बीती शाम सड़क हादसे में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाम करीब 5:30 बजे वह बाइक से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विराज गार्डन के पास सड़क पर दो बैल आपस में लड़ रहे थे। अचानक दोनों बैल बाइक के सामने आ जाने से श्यामलाल का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में श्यामलाल के पैरों में चोट आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उनकी मदद की।

## जिले में 246.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 246.9 मि.मी. अर्थात 9.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 175 मि.मी. अर्थात 6.9 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 421.9 मि.मी. अर्थात 16.6 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 385.4 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 207 मि.मी., हटा 269.4 मि.मी., जबेरा में 215 मि.मी. पथरिया 343 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 192.6 मि.मी, बटियागढ़ 116 मि.मी. तथा पटेरा में 385.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 21.4 मि.मी. अर्थात 0.8 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 12 मि.मी., हटा में 19.4 मि.मी., जबेरा में 26 मि.मी. पथरिया 18 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 42.4 मि.मी., बटियागढ़ 13 मि.मी. तथा पटेरा में 19 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# वेतन भुगतान में देरी से स्वास्थ्य कर्मियों में आक्रोश, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से जिले के स्वास्थ्य कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी क्रम में क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह के नाम एक ज्ञापन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, तेन्दूखेड़ा के माध्यम से सौंपा है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि वे विभागीय नियमों का पालन करते हुए ग्रामीण एवं दुरस्थ क्षेत्रों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके बावजूद चालू माह की 8 तारीख बीत जाने के बाद भी उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन में हो रही देरी के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। परिवार का भरण-पोषण, दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों की स्कूल फीस एवं प्रवेश शुल्क जमा करने के साथ-साथ बैंक ऋण एवं ईएमआई का भुगतान करना भी कठिन हो गया है। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनका लंबित वेतन 9 जुलाई तक तत्काल जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो 10 जुलाई से वे सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। इस स्थिति में क्षेत्र में संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवाएं तथा विभाग की अन्य आवश्यक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे कार्य बहिष्कार नहीं चाहते, लेकिन लगातार वेतन भुगतान में हो रही देरी ने उन्हें यह कदम उठाने के लिए विवश कर दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। अब सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# मप्र फुटबॉल संघ की टैलेंट सर्च प्रक्रिया संपन्न



**दमोह।** दमोह जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ की दो दिवसीय टैलेंट सर्च प्रक्रिया सेंट नार्बट विद्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के प्रतिनिधि आशीष पिल्ले एवं स्वपन कुमार विश्वास ने चार सत्रों में अंडर-18 आयु वर्ग के खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीकी कौशल और खेल प्रदर्शन का परीक्षण किया। चयन प्रक्रिया में लगभग 80 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। खिलाड़ियों को आधुनिक फुटबॉल के नियमों, खेल तकनीकों तथा सफल खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। प्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों से मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने का आग्रह किया।कार्यक्रम में सेंट नार्बट विद्यालय के प्राचार्य ने खिलाड़ियों को ईमानदारी, अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ खेलते हुए नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में राजेश सालोमन, विकास जैन, श्रीकांत शर्मा, तरुण नामदेव, किशन सिंह एवं जुबेर सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सार्थक ऐप से सख्त हुई निगरानी, 141 अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि डॉक्टर व उनका स्टाफ, कई विभागो के अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं हो रहे थे तथा शासन के निर्देशों के बावजूद 'सार्थक ऐप' के माध्यम से चेक-इन और चेक-आउट नहीं किया जा रहा था। कलेक्टर श्री यादव ने कहा इसके बाद स्वास्थ्य विभाग सहित जिले के सभी विभागों में 'सार्थक ऐप' के माध्यम से डिजिटल उपस्थिति व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू कराई गई। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है और अब अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय एवं स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचकर निर्धारित समय तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।उन्होंने कहा 'सार्थक ऐप' के रिकॉर्ड के आधार पर 141 अधिकारी-कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने की अवधि का सत्यापन किया गया। इसके अनुसार जितने दिन वे अनुपस्थित रहे, उतने दिनों का वेतन काटकर शेष वेतन का भुगतान किया गया है। सभी संबंधित कर्मचारियों को समय पर चेक-इन, चेक-आउट करने तथा निर्धारित समय तक आमजन को सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने कहा अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति और विलंब से पहुंचने के कारण मरीजों, महिलाओं एवं अन्य नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी आश्वस्त किया है कि भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बनेगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी समय का पालन करते हुए जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

# बाल विवाह रोकथाम विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह के अंतर्गत परियोजना पथरिया में दिनांक 08 जुलाई 2026 को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पीयर लीडर की बैठक के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (**BBBP**) एवं बाल विवाह रोकथाम विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद श्रीमती सत्या चौरसिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार जैन, परियोजना अधिकारी राजकुमार लडिया, समस्त सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पीयर लीडर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों, बालिकाओं की शिक्षा, पोषण, सुरक्षा एवं समान अवसरों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार जैन ने उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह प्रतिषेध संबंधी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे जन-जागरूकता एवं सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पीयर लीडर्स से अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने, समुदाय को जागरूक करने तथा बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित विभाग एवं प्रशासन को अवगत कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को जन-जन तक पहुँचाने, बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन तथा बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# कुण्डलपुर में निर्वाण लाडू चढ़ाया

**कुण्डलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका रत्न श्री चिंतनमति माताजी ससंघ के सानिध्य में जैनधर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान श्री विमलनाथ जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव 8जुलाई 2026 को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, ऋद्धि कलश, शांतिधारा आदि करने का सौभाग्य श्रेष्ठी श्री रमेश चंद्र कपिल अर्हम चंपावत इंदौर, शुभम सुनील प्राची सुनीता डबुल्या परिवार बांदकपुर, प्रवीण जैन महावीर ट्रांसपोर्ट दमोह, राकेश सूर्यांश अभिषेक जैन आगरा, रजत अखिल सक्षम सचिन जैन रायपुर, आशा देवी दीपशिखा अंश लोकेश सिंघई परिवार ललितपुर, स्वरूप प्रकाशचंद पिण्डारमैया नौगामा, प्रकाशचंद प्रबल जैन महेवा, मानिकचंद चैना मनीष सपना परिवार जबलपुर, सुनील आर्यन गुना, पारस गांधी अहमदाबाद, अभिनव प्रदीप दिवाकर सागर, प्रमोद पारुल प्रांजल जैन परिवार लखनादौन आदि के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सौभाग्य प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर 1 संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा मासिक सुंदरकांड पाठ में श्रीमती राधा रानी डालचंद असाटी ने भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड पाठ का गान किया गया, इस दौरान समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही सभी ने सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया, वही आयोजक द्वारा समाज की सभी बहनों को सिंगार का सामान एवं प्रसाद वितरित कर समापन किया गया।

# जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रभार में संशोधन, एसडीएम सीजी गोस्वामी को मिला प्रभार

**तेंदूखेड़ा।** जिला पंचायत दमोह द्वारा जारी कार्यालयीन आदेश के अनुसार, जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ के प्रभार संबंधी पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में कार्यालयीन आदेश क्रमांक 2580, दिनांक 03 जुलाई 2026 के माध्यम से डॉ. रामेश्वर प्रसाद पटैल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जबेरा को जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया था। अब उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए छोटेगिरी गोस्वामी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तेंदूखेड़ा को जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया है। ज्ञात होगी जनपद पंचायत के सीईओ मनीष बागरी का 1 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया है जिसके कारण जनपद सीईओ का पद रिक्त था यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उक्त आदेश कलेक्टर महोदय के अनुमोदन उपरांत जारी किया गया है

# टाइगर रिजर्व में वनकर्मी पर हमले के मामले में बाघ शावक की पहचान, दोनों घटनाओं के बाघ अलग-अलग

### कैमरा ट्रैप और गश्ती दल की जांच में हुआ खुलासा, अफवाहों पर वन विभाग ने दी स्पष्ट जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली परिक्षेत्र में 5 जुलाई को गश्त के दौरान वनकर्मी पर हुए बाघ के हमले की जांच में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। वन विभाग ने घटनास्थल पर सघन गश्त एवं कैमरा ट्रैप रिकॉर्ड के आधार पर एक बाघ शावक की पहचान की है। वनमण्डलाधिकारी ने बताया 5 जुलाई को गश्त के दौरान दो वनकर्मी एक बाघ के अत्यंत निकट पहुंच गए थे। इस दौरान हुए हमले में श्रमिक बाबूलाल रैकवार के पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद हाथियों की सहायता से घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार गश्त कराई गई। उन्होने बताया 7 जुलाई की सुबह गश्ती दल को घटनास्थल के समीप एक बाघ शावक दिखाई दिया। नवंबर माह में कैमरा ट्रैपिंग के दौरान भी इसी शावक की तस्वीर दर्ज हुई थी। उस समय उसकी आयु 9 से 12 माह आंकी गई थी, जबकि वर्तमान में उसकी आयु लगभग 15 से 18 माह होने का अनुमान है। वनकर्मियों ने भी बताया घटना के दिन जिस बाघ के पदचिह्नों का वे पीछा कर रहे थे, वे आकार में अपेक्षाकृत छोटे थे। इस आधार पर संभावना व्यक्त की जा रही है कि वनकर्मी पर हमला इसी बाघ शावक ने किया था। वनमण्डलाधिकारी ने बताया कुछ दिन पूर्व पटना मोहली ग्राम में एक ग्रामीण पर हुए बाघ के हमले और वनकर्मी पर हुए हमले को लेकर सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से एक ही बाघ के शामिल होने की भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही थी। उन्होने बताया नवंबर 2025 की अखिल भारतीय बाघ गणना के दौरान प्राप्त कैमरा ट्रैप चित्रों का मिलान करने के बाद स्पष्ट किया है कि दोनों घटनाओं में शामिल बाघ अलग-अलग हैं।

# कुएं में गिरी बछिया को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सुरक्षित निकाला



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित एक खेत मैं बिना मुडेर के कुएं में रात्रि के समय एक बछिया गिर गई। सुबह जब क्षेत्र के एक व्यक्ति की नजर कुएं पर पड़ी तो उसने बछिया को पानी में संघर्ष करते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उसने तत्काल इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की, जिसके बाद स्थानीय लोगों एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए बछिया को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राहत कार्य प्रारंभ किया। कुएं की गहराई एवं परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद कार्यकर्ताओं ने रस्सियों एवं स्थानीय संसाधनों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस दौरान आसपास के नागरिकों ने भी सहयोग प्रदान किया। गाय को बाहर निकालने के बाद उसके स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच कराई गई तथा आवश्यक उपचार की व्यवस्था की गई। साथ ही उसके लिए भूसी एवं चारे की व्यवस्था भी की गई, जिससे उसे तत्काल राहत मिल सके। उपचार के बाद गाय की स्थिति में सुधार बताया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जीव सेवा मानवता का महत्वपूर्ण दायित्व है और किसी भी संकट में फंसे मूक प्राणी की सहायता करना समाज का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं इस प्रकार की कोई घटना दिखाई दे तो तुरंत संबंधित लोगों एवं सामाजिक संगठनों को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। स्थानीय नागरिकों ने बजरंग दल के सदस्यों की तत्परता, साहस एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता के कारण एक बेजुबान पशु का जीवन बचाया जा सका। इस मानवीय कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा की जा रही है।

# पीयर लीडर की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह के अंतर्गत परियोजना पथरिया में दिनांक 08 जुलाई 2026 को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पीयर लीडर की बैठक सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद श्रीमती सत्या चौरसिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार जैन, परियोजना अधिकारी राजकुमार लडिया, परियोजना की समस्त सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पीयर लीडर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान (15 जून से 15 जुलाई 2026) की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार जैन द्वारा उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पीयर लीडर्स को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान कर उनका शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें तथा योजना के लाभों की जानकारी प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान का उद्देश्य कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए घर-घर संपर्क, हितग्राही परामर्श एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जाए। साथ ही योजना के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया तथा समय पर आवेदन के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पीयर लीडर्स ने विशेष अभियान को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का पंजीयन कराने का संकल्प लिया।

# माईसेम सीमेंट परिवार ने मैराथन में की सहभागिता




**दमोह।** साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित 'सेफ क्लिक 2.0–2026' साइबर जागरूकता मैराथन में माईसेम सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी प्रदर्शित की। कार्यक्रम के विषय में माईसेम सीमेंट के क्लस्टर हेड सुरेश चंद्र दुबे ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों की चुनौतियाँ भी बढ़ रही हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय जागरूक एवं सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने जिला पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर माईसेम सीमेंट के मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री विश्वकांत मिश्रा ने कहा कि साइबर जागरूकता आज समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने इस कार्यक्रम के अपार सफलता पर पुलिस विभाग को बधाई दी और कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी को अभूतपूर्व कहा मैराथन में माईसेम सीमेंट की टीम ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं ऊर्जा के साथ भाग लेते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कर्मचारियों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा समाज को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाने का संकल्प भी लिया।

# 400 पौधों से बनी हरियाली की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



ग्राम नरसिंहगढ़ स्थित सुनार नदी के किनारे बसे प्रसिद्ध मोक्ष धाम रामबाग में स्वर्गीय पंडित रामकिशोर पाठक द्वारा वर्षों पहले लगाया गया वृक्षारोपण आज क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है। दमोह–छतरपुर हाईवे से लगभग एक किलोमीटर अंदर स्थित इस धार्मिक स्थल पर विराजमान हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्वर्गीय रामकिशोर पाठक वर्षों तक नियमित रूप से रामबाग धाम आते रहे। उनका मानना था कि हनुमान जी के आशीर्वाद से उनका ठेकेदारी का व्यवसाय सफल हुआ। इसी आस्था और समाजसेवा की भावना से उन्होंने वर्ष 2018 में रामबाग परिसर में लगभग 400 पौधे लगाए, जिनमें शीशम, बेल, शमी, बरगद, पीपल, आम, बाबूल, कदम और जामुन सहित कई प्रजातियां शामिल थीं। इसके बाद वर्ष 2022 में मुख्य मार्ग से रामबाग तक जाने वाले रास्ते के दोनों ओर 150 नीम के पौधे ट्री गार्ड के साथ लगाए गए। आज ये पौधे बड़े वृक्ष बन चुके हैं और राहगीरों व ग्रामीणों को छाया, शुद्ध वातावरण तथा हरियाली का उपहार दे रहे हैं। वर्ष 2022 में स्वर्गीय पंडित रामकिशोर पाठक का निधन हो गया। उनके बाद उनके भतीजे अनिल पाठक एवं रमाकांत सिंह इन वृक्षों की नियमित देखभाल कर रहे हैं। गर्मियों में वे समय-समय पर पेड़ों में पानी देकर उनकी सेवा करते रहे, जिसके परिणामस्वरूप आज अधिकांश वृक्ष 10 से 12 फीट या उससे अधिक ऊंचाई प्राप्त कर चुके हैं। अनिल पाठक ने बताया, ऱहमारे चाचा जी हमेशा कहते थे कि पेड़ों की सेवा करते रहना। आज हम उसी संकल्प को निभा रहे हैं। सड़क के दोनों ओर खड़े ये विशाल वृक्ष उनकी सोच और सेवा का जीवंत प्रमाण हैं। आज रामबाग का यह हरित परिसर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल भी बन चुका है।

# महिला जैन मिलन की मासिक बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जैन मिलन के अंतर्गत महिला जैन मिलन नगर शाखा क्षेत्र क्रमांक 10, दमोह की जुलाई माह की मासिक बैठक दिनांक 3 जुलाई 2026 को अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक की मेजबानी शाखा की सक्रिय सदस्य वीरांगना श्वेता जैन द्वारा की गई। बैठक का शुभारंभ पारंपरिक रूप से 'महावीर प्रार्थना' के साथ हुआ। इसके पश्चात आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 10 तारीख को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय/क्षेत्रीय जूम मीटिंग पर चर्चा की गई, तथा उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सभी सदस्यों को इस डिजिटल बैठक में अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शाखा द्वारा शीघ्र ही एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दूसरे सत्र में मेजबान वीरांगना श्वेता जैन द्वारा उपस्थित सदस्यों के लिए कुछ मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम एवं खेल आयोजित किए गए। विजेताओं और प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार (गिफ्ट) वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष वीरांगना संगीता जैन, मंत्री वीरांगना हिना जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना आरजू जैन एवं प्रचार मंत्री वीरांगना वर्षा जैन सहित शाखा की सभी सम्मानीय सदस्याएं और वीरांगनाएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन हुआ।

### अब उपस्थिति की तरह लॉगआउट भी स्कूल से ही होगा

# हाजिरी लगाकर स्कूल से बंक मारने वाले शिक्षकों को जोर का झटका धीरे से लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शिक्षक ऐप पर उपस्थित लगाने के बाद स्कूल से गायब हो जाने वाले शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग ने जोरों का झटका धीरे से हमारे शिक्षक ऐप पर लॉग आउट के लिए लोकेशन सुविधा की छूट को समाप्त कर दिया है। अब जिस तरह स्कूल पहुंचकर ही ऐप पर उपस्थित लगती है उसी तरह अब लांग आउट भी स्कूल परिसर में मौजूद रहने पर हो सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग को जानकारी मिल रही थी कि प्रदेश के आधे शिक्षकों की लॉग आउट होते समय लोकेशन स्कूल परिसर में नहीं रहती है आधे से भी अधिक शिक्षक स्कूल खुलने के समय या उसके आधा एक घंटे बाद उपस्थिति तो लगा देते थे लेकिन बाद में स्कूल में बने रहने के बजाय घर निकल जाते थे और समय होने पर घर से ही लॉग आउट हो जाते थे अब लांग आउट होने के लिए भी शिक्षकों को स्कूल में मौजूद रहना पड़ रहा है।

सरकार को शिकायत मिल रही थी कि कई शिक्षक दूर दराज के गांव में स्कूल जाने के बजाय रजिस्टर इकट्ठे कर हस्ताक्षर कर रहे है इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया। पहले यह उपस्थिति स्वैच्छिक रूप से चली जिसमें कई शिकवे शिकायतें विरोध प्रदर्शन हुए लेकिन अतिथि शिक्षकों ने शतप्रतिशत उपस्थिति लगाकर सारे विरोध प्रदर्शनों पर पानी फेर दिया और शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति लगानी

पड़ी। खास बात यह रही की उपस्थिति तो स्कूल परिसर में पहुंचने पर ही लगती थी लेकिन लांग आउट स्कूल के बाहर से भी हो जाता था नियम अनुसार उपस्थित लगाने के बाद लांग आउट करना भी होता था जो स्कूल बंद होने के समय ही होता था या फिर

निर्धारित घंटे पूरे होने के बाद ही लॉन्ग आउट होता था कई शिक्षक ऐसे थे जो स्कूलों में पहुंचकर मोबाइल से उपस्थित तो लगा देते थे लेकिन बाद में घर आ जाते थे

और स्कूल का समय होने पर लॉग आउट घर से ही हो रहे थे क्योंकि ऑनलाइन उपस्थिति की लोकेशन मोबाइल पर दिखती है इसलिए कौन शिक्षक कहां से लांग आउट हुआ इसका डाटा भी विभाग को मिलता रहा। चौकाने वाले परिणाम यह आए कि 50 से अधिक शिक्षक घरों से ही लाग आउट हो रहे थे जिससे लग रहा था कि शिक्षक पूरे समय स्कूल में बैठने के बजाय उपस्थिति लगाकर बंक मार रहे थे। अब शिक्षा विभाग ने हमारे शिक्षक ऐप में घर से लांग आउट होने की सुविधा वाला ऑप्शन बंद कर दिया है अब स्कूल परिसर या उसके 200 मीटर के भीतर रहते हुए ही लॉग आउट हो सकेगा।

### 6 घंटे ड्यूटी कराता है हमारे शिक्षक ऐप

दरअसल हमारे शिक्षक ऐप पर शिक्षकों को फेस कैप्चर कर उपस्थित लगानी होती है स्कूल परिसर में अपने फेस केपचर के माध्यम से उपस्थित लगाते हैं। ऐप स्कूल की लोकेशन और फेस पहचान कर उपस्थित लगाने की स्वीकृति देता है जिस समय उपस्थित लगती है उस समय के 6 घंटे बाद लॉन्ग आउट होना पड़ता है। स्कूल शिक्षा विभाग की और से स्कूल खोलने बंद करने का समय सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक है अगर शिक्षक ने 10:30 बजे उपस्थिति लगाई है तो लोग आउट 4:30 बजे हो सकता है अगर वह उपस्थित 11 लगाता है तो लांग आउट 5 बजे होगा इसी तरह दो पाली वाले स्कूलों में भी उपस्थित स्कूल समय के अनुसार लगती यानी शिक्षक अगर स्कूल में लेट आया तो उसे देरी तक स्कूल में मौजूद रहना पड़ेगा और अब तो घर जाकर लोग आउट भी नहीं होंगे।

### जब शहर आने के बाद लगाई वापस गांव की और दौड़

हमारे शिक्षक ऐप पर लांग आउट होने की मनचाही लोकेशन सुविधा सोमवार से बंद की गई। हमेशा की तरह बड़ी संख्या में शिक्षक जो दूर दराज गांवों में पढ़ाने जाते हैं और अपने संसाधनों से स्कूल में समय पर तो पहुंच जाते हैं लेकिन स्कूल बंद होने से पहले ही यह सोचकर घर लौट आते हैं कि घर से ही लॉन्ग आउट हो जाएंगे लेकिन जब उन्होंने घर से मोबाइल पर लॉग आउट होना चाहा तो मोबाइल पर ऑप्शन आया कि आप लोकेशन से बाहर है कृपया लोकेशन में आए पूछने पता चला कि अब स्कूल से ही लांग आउट होगा तो दौड़े दौड़े शिक्षक जो शहर में आ गए थे वापस गांव की ओर दौड़ लगाने लगे और गांव में स्थित स्कूल में पहुंचकर लांग आउट होकर ही वापस आए। दूसरे दिन यानि मंगलवार व बुधवार को सभी शिक्षक पूरे समय स्कूल बैठे दिखाई पड़े।

### इनका कहना है

स्कूलों में शिक्षक पूरे समय उपस्थित रहें इसलिए मोबाइल में घर से लांग आउट सुविधा शासन द्वारा बंद कर दी गई है अभी भी शिकायत मिल रही है कि कुछ शिक्षक बीच में गायब हो जाते हैं ऐसे शिक्षकों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की जाएगी और लापरवाहों को दंडित किया जाएगा।

**एम एल अहिरवार**
**बीआरसी हटा**

# यात्री प्रतीक्षालय में हुआ प्रसव; गांव की महिलाओं ने निभाई बड़ी भूमिका

### 108 एंबुलेंस नहीं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



**स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लापरवाही एक बार फिर सामने आई, जब 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण एक गर्भवती महिला को यात्री प्रतीक्षालय में ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। यह मामला जबेरा जनपद के ग्राम पंचायत माला के उप स्वास्थ्य केंद्र की अंतर्गत नया गांव टोला है, जहां घंटों इंतजार के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंची।**

जानकारी के अनुसार, माला मलागढ़ ग्राम पंचायत के नया गांव टोला निवासी कविता बाई (उम्र लगभग 30 वर्ष) को उस समय तेज प्रसव पीड़ा उठी, जब उनके घर गंगाजली कार्यक्रम चल रहा था। उल्लेखनीय है कि दस दिन पूर्व ही प्रसूतिका के पति रतन सिंह की बिजली गिरने से मृत्यु हो गई थी, जिससे परिवार पहले से ही दुख में था।

परिजनों द्वारा तत्काल 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन बताया गया कि एंबुलेंस को पहुंचने में करीब 8 घंटे का समय लगेगा। महिला की बिगड़ती हालत को देखते हुए रिश्तेदार उसे ई-रिक्शा से स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए निकले, लेकिन रास्ते में बम्होरी बस स्टैंड के पास ई-रिक्शा की बैटरी डिस्चार्ज हो गई।

इसके बाद महिला को पास ही बने यात्री प्रतीक्षालय में बैठाकर पुनः एंबुलेंस का इंतजार किया गया, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची और प्रसव पीड़ा लगातार बढ़ती गई। स्थिति गंभीर होते देख गांव की महिलाओं को बुलाया गया।

गांव की महिलाओं ने तत्परता दिखाते हुए साड़ियों की सहायता से पर्दा बनाकर प्रतीक्षालय में ही सुरक्षित प्रसव कराया। इस दौरान आयुष विभाग के डॉक्टर मौजूद थे, लेकिन नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र, जो महज सौ मीटर की दूरी पर था, वहां स्वास्थ्य विभाग का कोई स्टाफ उपलब्ध नहीं था। प्रसूतिका के देवर नोने सिंह ने बताया कि समय पर एंबुलेंस और स्वास्थ्य स्टाफ नहीं मिलने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। उन्होंने कहा कि अगर समय पर सुविधा मिल जाती, तो महिला को इस तरह परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। प्रसव के बाद बम्होरी सरपंच प्रतिनिधि रितेश राय ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी निजी बोलेरो वाहन से जच्चा-बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मदद की। वर्तमान में प्रसूतिका को रोड स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है।

### छात्रा के आरोपों से सफाई व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

# स्कूल में छात्रा को सांप ने काटा, जिला अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय मिडिल स्कूल हिनौती खेतसिंह में मंगलवार को एक छात्रा को सांप के काटने की घटना से हड़कंप मच गया। घटना के बाद छात्रा को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिनौती खेतसिंह निवासी रचना रैकवार (12), पिता ओमकार रैकवार, कक्षा 6वीं की छात्रा है। बताया गया कि छात्रा को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया, जिसके बाद उसने कक्षा में दर्द की शिकायत की। शिक्षिका द्वारा जानकारी मिलने पर परिजनों को सूचना दी गई और छात्रा को पहले नोहटा स्वास्थ्य केंद्र तथा वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर डॉ. पीयूष निवाड़े ने बताया कि छात्रा को भर्ती कर उपचार दिया गया, जिसके बाद आज उसकी स्थिति सामान्य है और उसे छुट्टी दे दी गई है। घटना के बाद छात्रा ने स्कूल परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि कक्षा में टेबल-डेस्क के बीच कचरा और गंदगी पड़ी रहती है, जिसकी नियमित सफाई नहीं होती। इस वजह से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। उसने यह भी आरोप लगाया कि कभी-कभी बच्चों से ही झाड़ू लगवाई जाती है, जो उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। छात्रा के इन आरोपों के बाद अभिभावकों में आक्रोश देखा गया है। उन्होंने स्कूल परिसर की नियमित सफाई और बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग उठाई है। वहीं, बीआरसी प्रवेंद्र वैध ने बताया कि मामले की जांच कराई गई है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि छात्रा को स्कूल पहुंचने से पहले ही किसी जहरीले जंतु ने काटा था। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कृषि विस्तार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया



**हिंडोरिया।** कृषि विस्तार अधिकारी संघ दमोह द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम कलेक्टर महोदय द्वारा सार्थक एप के विरोध में ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर मैडम को सौंपा गया। जिसमें मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ भोपाल के प्रदेश संगठन सचिव भोलाराम रैकवार द्वारा बताया गया कि एक -एक कृषि विस्तार अधिकारी के पास लगभग 30-40 गांव है। हमारे केंद्र पर कोई मुख्यालय नहीं है । साथ ही हमारा अधिकतर कार्य किसानों के मिलने के ऊपर निर्भर करता है जिसके कारण समय की बाध्यता नहीं होती, जैसे वर्तमान में बीज वितरण में हम सुबह 8 बजे भी वितरण करते हैं और शाम को 8 बजे तक भी। इसके अलावा महिला कृषि विस्तार अधिकारियों की दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षा की समस्या है। जिला कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश पटेल ने कहा कि विभाग के कार्यों के अलावा हम अन्य ड्यूटी जैसे उपार्जन, SIR जनगणना आदि में भी करते हैं जो हमारे क्षेत्र से दूर भी होती है और उपार्जन में सुबह 8 से रात 8 बजे करते हैं। इस तरह की बहुत समस्याएं कृषि विस्तार अधिकारियों को झेलनी पड़ रही है इसीलिए मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि कृषि विस्तार अधिकारियों को सार्थक एप की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। इसमें दमोह जिले के जिला सचिव गुरुचरण पटेल,जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी, पुष्पराज सिंह, दिनेश पटेल समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवम कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऑपरेटर से करवाया जा रहा था लाइनमैन का काम

# करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत; आक्रोशित परिजनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



नोहटा विद्युत वितरण केंद्र में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक आउटसोर्स ऑपरेटर कर्मचारी से लाइनमैन का कार्य करवाए जाने के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया और उन्होंने विद्युत केंद्र पर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, नोहटा थाना क्षेत्र के सोनी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक-13 निवासी नरेंद्र सिंह लोधी (26 वर्ष), पिता हरि सिंह लोधी, जो आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में ऑपरेटर पद पर कार्यरत थे, मंगलवार को बिजली पोल पर चढ़कर लाइन सुधारने का काम कर रहे थे।

इसी दौरान अचानक विद्युत आपूर्ति चालू हो गई, जिससे वे करंट की चपेट में आ गए और पोल से चिपक गए। बिजली सप्लाई बंद होने के बाद वे नीचे गिर पड़े। गंभीर हालत में परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर डॉ. पीयूष निवाडे ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। नोहटा के मुक्तिधाम में पुलिस की मौजूदगी में हजारों लोगों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। घटना को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमों के अनुसार, बिजली लाइन पर कार्य करने से पहले लाइनमैन द्वारा विधिवत परमिट लिया जाता है और कार्य पूर्ण होने के बाद ही विद्युत आपूर्ति चालू की जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या परमिट प्रक्रिया का पालन किया गया था, और कार्य के दौरान अचानक बिजली सप्लाई किसके द्वारा चालू की गई। यह भी आरोप है कि ऑपरेटर से लाइनमैन का कार्य कराया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद संबंधित कर्मचारी के मौके से गायब होने की भी चर्चाएं हैं। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नोहटा विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसडीएम सी.जी. गिरी गोस्वामी, एसडीओपी अर्चना अहीर और थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने स्थिति को संभालते हुए परिजनों को समझाइश दी और उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिजनों एवं ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मृतक की पत्नी को शासकीय नौकरी, उचित मुआवजा एवं दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम सी.जी. गिरी गोस्वामी ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारी, जो ऑपरेटर पद पर पदस्थ था, लाइनमैन का कार्य करते समय करंट लगने से उसकी मृत्यु हुई है। घटना के बाद परिजनों द्वारा प्रदर्शन किया गया था, जिन्हें समझाइश देकर शांत कराया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बरसात में जलमग्न हो रहा रिपटा, राहगीरों और छात्रों की बढ़ी परेशान

**पटेरा।** नगर परिषद क्षेत्र में बस स्टैंड से तहसीलदार कार्यालय जाने वाले मार्ग पर बने रिपटा पर बरसात के दौरान पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। जलभराव के कारण यह मार्ग कई बार अवरुद्ध हो जाता है, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन दो से चार लोग फिसलकर रिपटा पर गिर रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही है, जिन्हें जलभराव के बीच जोखिम उठाकर रास्ता पार करना पड़ता है।रहवासियों ने बताया कि इस स्थान पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर कई बार नगर परिषद और प्रशासन को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या हर वर्ष गंभीर रूप ले लेती है।छात्रों और क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रिपटा के स्थान पर शीघ्र पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके और दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।



# कुएं में गिरने से युवक की मौत

### जैन मंदिर के सामने स्थित धर्मशाला में मचा हड़कंप



**बनवार।** हिंडोरिया थाना अंतर्गत बांदकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब जैन मंदिर के सामने स्थित धर्मशाला परिसर के कुएं में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान अमित जैन (47 वर्ष), निवासी बांदकपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला परिसर में स्थित कुएं को चारों ओर से सुरक्षित किया गया है और केवल पानी भरने के लिए एक छोटा हिस्सा खुला हुआ है। जब लोग कुएं से पानी भरने पहुंचे, तो उन्होंने बाल्टी के साथ पानी में युवक का शव तैरता हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित कर शव को बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि अमित जैन पानी भरते समय संतुलन खो बैठे और कुएं में गिर गए, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। मौके से रस्सी और बाल्टी भी बरामद हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा लिया है और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# कार सहित तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

### क्षेत्र में खपाने जा रही 87 लीटर अवैध देशी शराब जब्त हटा पुलिस की आधी रात बड़ी कार्रवाई



**हटा।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हटा पुलिस ने मंगलवार की दरमियानी रात बड़ी कार्रवाई करते हुए हटा क्षेत्र में खपाने ले जाई जा रही 87 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बेगनार कार को भी जब्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 37 हजार 760 रुपये आंकी गई है, जबकि वाहन की कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया तथा एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना हटा पुलिस को देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि दमोह तरफ से एक सिल्वर कलर की वेगनार कार में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर हटा क्षेत्र ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुधीर बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल दमोह नाका पर नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। कुछ ही देर बाद संदिग्ध वेगनार कार क्रमांक 20 सीडी 7357 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की और अंदर से 10 पेटियों में भरी 87 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई। कर सवार लोगों से शराब के संबंध में पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगे गए तो किसी भी प्रकार के दस्तावेज न मिलने पर कार सहित आरोपियों को पुलिस थाना लाया गया जहां पूछताछ में वाहन सवार आरोपियों ने अपनी पहचान इंद्रकुमार पिता नारायण शंकर नामदेव अभिषेक पिता स्वं प्रीतम रैकवार दोनों निवासी कांटी थाना हटा द्वारा बताया गया कि उक्त शराब को ग्राम मुड़िया से बलराम पिता रामस्वरूप राय निवासी कोड़ता थाना जबेरा से ली गई है और कांटी ले जा रहे थे। पुलिस ने वाहन से 10 पेटी में देशी मसाला 328 पांव एवं 150 पांव मसाला अवैध शराब ( 87 लीटर) बरामद की। कुल शराब की अनुमानित कीमत 37 हजार 760 रुपए एवं कर की कीमत 3 लाख रुपए बताई गई। हटा पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत 34 (2) 42 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि शराब की खेप किसके कहने पर लाई जा रही थी और इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी सुधीर बेगी प्र.आर.अनिल गौतम आर. प्रखर मिश्रा सोनू कुर्मी संजय अठया की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहने की बात कही।

## पानी निकासी नहीं होने से वार्डवासियों परेशान



**पटेरा।** नगर के वार्ड क्रमांक-1 स्थित चौपरा रोड पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान कई घरों में पानी भरने लगा है। इससे अनेक परिवारों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर वे पहले भी हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन तहसीलदार एवं नगर परिषद के सीएमओ को सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक न तो अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया और न ही कोई स्थायी समाधान किया गया। रहवासियों ने मांग की है कि नालियों के जमा पानी की निकासी के लिए पुलिया का निर्माण कर स्थायी व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि लंबे समय तक पानी भरा रहने से मच्छरों एवं अन्य जीव-जंतुओं का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। वार्डवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## परिजनों को दिया पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत चैक

**दमोह।** जिला दमोह में पदस्थ कर्मचारी स्वर्गीय प्रधान आरक्षक श्रीमति शमीम खान एवं आरक्षक भूपेन्द्रं ठाकुर के निधन उपरांत उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 01-01 करोड़ की राहत राशि का भुगतान पुलिस किया गया। पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (भापुसे) द्वारा परिवारजन को चेक प्रदाय किया गया । दमोह पुलिस में पदस्थ प्रधान.आर. श्रीमति शमीम खान एवं आरक्षक भूपेन्द्र ठाकुर जिनका माह जून वर्ष 2025 में दुर्घटना के पश्चात अस्पताल में उपचाररत रहते दुखद निधन हो गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन को आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) योजना के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से अनुबंध किया गया है जिसके अंतर्गत दुर्घटना में पुलिस विभाग के किसी भी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उस कर्मचारी के आश्रित परिवारजन को योजना के 01 करोड़ रुपए की सहायता राशि का भुगतान किया जाता है।